Series JSR

SET-3

कोड नं.
Code No. **4/3**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **18** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

# संकलित परीक्षा - II
# SUMMATIVE ASSESSMENT - II

# हिन्दी
# HINDI

## ( पाठ्यक्रम ब )
## (Course B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे*
*Time allowed : 3 hours*

*अधिकतम अंक : 90*
*Maximum Marks : 90*

***निर्देश :*** *(i) इस प्रश्न-पत्र के* ***चार*** *खंड हैं - क, ख, ग और घ।*

*(ii) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना* ***अनिवार्य*** *है।*

*(iii) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।*

## खण्ड-क

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2x6=12**

महात्माओं और विद्वानों का सबसे बड़ा लक्षण है - आवाज़ को ध्यान से सुनना। यह आवाज़ कुछ भी हो सकती है। कौओं की कर्कश आवाज़ से लेकर नदियों की छलछल तक। मार्टिन लूथर किंग के भाषण से लेकर किसी पागल के बड़बड़ाने तक। अमूमन ऐसा होता नहीं। सच यह है कि हम सुनना चाहते ही नहीं। बस बोलना चाहते हैं। हमें लगता है कि इससे लोग हमें बेहतर तरीके से समझेंगे। हालांकि ऐसा होता नहीं। हमें पता ही नहीं चलता और अधिक बोलने की कला हमें अनसुना करने की कला में पारंगत कर देती है। एक मनोवैज्ञानिक ने अपने अध्ययन में पाया कि जिन घरों के अभिभावक ज्यादा बोलते हैं, वहाँ बच्चों में सही-गलत से जुड़ा स्वाभाविक ज्ञान कम विकसित हो पाता है, क्योंकि ज्यादा बोलना बातों को विरोधाभासी तरीके से सामने रखता है और सामने वाला बस शब्दों के जाल में फँसकर रह जाता है। बात औपचारिक हो या अनौपचारिक, दोनों स्थितियों में हम दूसरे की न सुन, बस हावी होने की कोशिश करते हैं। खुद ज्यादा बोलने और दूसरों को अनसुना करने से जाहिर होता है कि हम अपने बारे में ज्यादा सोचते हैं और दूसरों के बारे में कम। ज्यादा बोलने वालों के दुश्मनों की भी संख्या ज्यादा होती है। अगर आप नए दुश्मन बनाना चाहते हैं, तो अपने दोस्तों से ज्यादा बोलें और अगर आप नए दोस्त बनाना चाहते हैं, तो दुश्मनों से कम बोलें। अमेरिका के सर्वाधिक चर्चित राष्ट्रपति रूजवेल्ट अपने माली तक के साथ कुछ समय बिताते और इस दौरान उनकी बातें ज्यादा सुनने की कोशिश करते। वह कहते थे कि लोगों को अनसुना करना अपनी लोकप्रियता के साथ खिलवाड़ करने जैसा है। इसका लाभ यह मिला कि ज्यादातर अमेरिकी नागरिक उनके सुख में सुखी होते, और दुख में दुखी।

(क) अनसुना करने की कला क्यों विकसित होती है?

(ख) अधिक बोलने वाले अभिभावकों का बच्चों पर क्या प्रभाव पड़ता है और क्यों?

(ग) अधिक बोलना किन बातों का सूचक है?

(घ) रूज़वेल्ट की लोकप्रियता का क्या कारण बताया गया है?

(ङ) तर्कसम्मत टिप्पणी कीजिए - ''हम सुनना चाहते ही नहीं।''

(च) अनुच्छेद का मूल भाव तीन-चार वाक्यों में लिखिए।

**2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **2x4=8**

यादें होती हैं गहरी नदी में उठी भँवर की तरह
नसों में उतरती कड़वी दवा की तरह
या खुद के भीतर छिपे बैठे साँप की तरह
जो औचक्के में देख लिया करता है
यादें होती हैं जानलेवा खुशबू की तरह
प्राणों के स्थान पर बैठे जानी दुश्मन की तरह
शरीर में धँसे उस काँच की तरह
जो कभी नहीं दिखता
पर जब-तब अपनी सत्ता का
भरपूर एहसास दिलाता रहता है
यादों पर कुछ भी कहना
खुद को कठघरे में खड़ा करना है
पर कहना ज़रूरत नहीं, मेरी मजबूरी है।

(क) यादों को गहरी नदी में उठी भँवर की तरह क्यों कहा गया है?

(ख) यादों को जानी दुश्मन की तरह मानने का क्या आशय है?

(ग) शरीर में धँसे काँच से यादों का साम्य कैसे बिठाया जा सकता है?

(घ) आशय स्पष्ट कीजिए -

''यादों पर कुछ भी कहना
खुद को कठघरे में खड़ा करना है।''

## खण्ड-ख

3 (i) शब्द क्या है? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए। **1+1=2**

(ii) शब्द वाक्य में प्रयुक्त होने पर क्या कहलाता है?

**4. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :** **1x3=3**

(i) माता-पिता की सेवा करने वाले को किसी अन्य की सेवा नहीं चाहिए।

(मिश्र वाक्य में बदलिए)

(ii) प्रात: काल टहलने के कारण वह स्वस्थ रहता है।

(संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(iii) परिश्रमी व्यक्ति को दुख नहीं झेलना पड़ता।

(रचना के आधार पर वाक्य भेद बताइए)

**5.** (क) निम्नलिखित का विग्रह करके समास का नाम बताइए : **1+1=2**

चिंतारहित, शुभदिन

(ख) निम्नलिखित का समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए : **1+1=2**

माता का भक्त, चाँद जैसा मुख।

**6. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए :** **1x4=4**

(क) हमने पिताजी से मिलना है।

(ख) उत्तम चरित्र-निर्माण हमारे लक्ष्य होने चाहिए।

(ग) कितना लोग हमारा बुराई करता रहता है।

(घ) शिक्षक ने शशांक को बुलाए।

**7. निम्नलिखित मुहावरों का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए :** **1+1=2**

खून सूखना, कागज़ी घोड़े दौड़ाना।

## खण्ड-ग

**8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :** **2+2+1=5**

(क) ओचुमेलॉव की दो चारित्रिक विशेषताओं का अपने शब्दों में उल्लेख कीजिए।

(ख) 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर लिखिए कि समुद्र के गुस्से का क्या कारण था? उसने अपना गुस्सा कैसे व्यक्त किया?

(ग) सआदत अली कौन था? कर्नल उसे अवध के तख्त पर क्यों बिठाना चाहता था?

9. 'टी सेरेमनी' की तैयारी और उसके प्रभाव पर चर्चा कीजिए। **5**

**10. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2+2+1=5**

संसार की रचना भले ही कैसे हुई हो लेकिन धरती किसी एक की नहीं है। पंछी, मानव, पशु, नदी, पर्वत, समंदर आदि की इसमें बराबर की हिस्सेदारी है। यह और बात है कि इस हिस्सेदारी में मानव जाति ने अपनी बुद्धि से बड़ी-बड़ी दीवारें खड़ी कर दी हैं। पहले पूरा संसार एक परिवार के समान था अब टुकड़ों में बँटकर एक दूसरे से दूर हो चुका है।

(क) 'मानव जाति ने अपनी बुद्धि से बड़ी-बड़ी दीवारें खड़ी कर दीं'- कथन का क्या आशय है?

(ख) परिवार के टुकड़ों में बँटकर एक दूसरे से दूर होने के क्या कारण हैं?

(ग) आशय समझाइए धरती किसी एक की नहीं है।

**11. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2+2+1=5**

(क) बिहारी ने ईश्वर प्राप्ति में किन साधनों को साधक और किनको बाधक माना है?

(ख) महादेवी वर्मा अपने दीपक को किस प्रकार जलने के लिए कह रही है और क्यों?

(ग) 'कर चले हम फ़िदा' गीत की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि क्या है?

**12.** 'कर चले हम फ़िदा' कविता का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए। **5**

**13.** घर वालों के मना करने पर भी टोपी का लगाव इफ़्फ़न के घर और उसकी दादी से क्यों था? दोनों के अनजान, अटूट रिश्ते के बारे में मानवीय मूल्यों की दृष्टि से अपने विचार-लिखिए। **5**

## खण्ड-घ

**14.** रेल द्वारा बुक कराकर भेजा गया घरेलू सामान आपके निवास के निकटस्थ स्टेशन तक नहीं पहुँचा है। इसकी शिकायत करते हुए रेल प्रबंधक को एक पत्र लिखिए। **5**

**15. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए :** **5**

(क) **मित्रता**

- मित्रता का महत्त्व
- अच्छे मित्र के लक्षण
- लाभ-हानि

(ख) **दहेज प्रथा - एक अभिशाप**

- सामाजिक समस्या
- रोकथाम के उपाय
- युवकों का कर्त्तव्य

(ग) **कम्प्यूटर**

- उपयोगी वैज्ञानिक आविष्कार
- विविध क्षेत्रों में कंप्यूटर
- लाभ-हानि

**16.** विद्यालय में आयोजित होने वाली वाद-विवाद प्रतियोगिता के लिए एक सूचना लगभग **30** शब्दों में साहित्यिक क्लब के सचिव की ओर से विद्यालय सूचना पट के लिए लिखिए। **5**

**17.** खाद्य-पदार्थों में होने वाली मिलावट के बारे में मित्र के साथ हुए संवाद को लगभग **50** शब्दों में लिखिए। **5**

**18.** अपने पुराने मकान के बेचने संबंधी विज्ञापन का आलेख लगभग **25** शब्दों में तैयार कीजिए। **5**